तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 28 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

3 भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया सावन उत्सव



KCC KORBA COMPUTER COLLEGE
कोरबा कम्प्यूटर कॉलेज
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से मान्यता प्राप्त
Only for 3 Days
BCA ₹24990/-*
BBA ₹20990/-*
Bcom ₹9999/-*
DCA ₹15990/-*
PGDCA ₹16990/-*
MSC(cs) ₹14990/-*
Get Upto 100% Scholarship Admission Open
*T & C Applied
Address Budhwari - Ghanta Ghar Road Korba (C.G.) Website www.kcc.ac.in
+91 9907119500

## खबर संक्षेप

### जमनीपाली में आज निकलेगी भगवान शिव की झांकी

**कोरबा।** विश्व हिन्द परिषद बजरंग दल द्वारा सावन सोमवार के उपलक्ष्य में शिव जी की झांकी का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। बजरंग दल दर्री-जमनीपाली के तत्वावधान में यह झांकी 28 जुलाई की शाम 4 बजे अयोध्यापुरी हनुमान मंदिर से प्रारंभ होगा और साडा कालोनी शिव मंदिर में समापन किया जाएगा। आयोजकों ने इस कार्यक्रम में भोलेनाथ के भक्तों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने आग्रह किया है।

### लालिमा बनी प्रांत गौ उत्पाद प्रशिक्षण प्रमुख

**कोरबा।** लालिमा जायसवाल को प्रांत छत्तीसगढ़ गौ उत्पाद प्रशिक्षण प्रमुख का मिला दायित्व, गुरमीत सिंह जिला संयोजक, कौशलेंद्र सिंह सह संयोजक एवं गजेंद्र तिवारी गौ विज्ञान परीक्षा प्रभारी के दायित्व में जागृति मंडल, पंडरी रायपुर में गौ सेवा गतिविधि की दो दिवसीय प्रांतीय बैठक 26 एवं 27 जुलाई के दौरान कुछ घोषणाएं प्रांत के पदाधिकारियों द्वारा की गई, जिनमें लालिमा जयसवाल को छत्तीसगढ़ प्रांत का गौ उत्पाद प्रशिक्षण प्रमुख बनाया गया है। साथ ही जिले में गुरमीत सिंह को संयोजक, कौशलेन्द्र सिंह को सह संयोजक एवं गौ विज्ञान परीक्षा प्रमुख का दायित्व डॉ. गजेन्द्र तिवारी को दिया गया।

### भाजयूमो जिला महामंत्री के नेतृत्व में निकलेगी कांवड़ यात्रा

**कोरबा।** श्रावण मास की पावन बेला में भगवान भोलेनाथ की अराधना हेतु कोरबा में कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 28 जुलाई को प्रातः 7 बजे शुरू होगी, जिसका नेतृत्व नगर पालिक निगम वार्ड क्रमांक 18 के पार्षद एवं भाजयुमो जिला महामंत्री नरेंद्र देवांगन करेंगे। श्रद्धालुजन पहले हसदेव नदी में पवित्र स्नान कर जल भरेंगे। इसके पश्चात माँ सर्वमंगला से आशीर्वाद प्राप्त कर कांवड़ यात्रा का शुभारंभ करेंगे। जल लेकर यह भव्य श्रद्धा यात्रा रवाना होगी श्री कनकेश्वर नाथ बाबा धाम की ओर बढ़ेगी।

### कनकेशवर धाम में आज होगा भोग प्रसाद का वितरण

**कोरबा।** सावन सोमवार को कनकेशवर धाम कनकी में हजारों की संख्या में शिव भक्त एवं श्रद्धालु मां सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित हसदेव नदी से जल भरकर पैदल जल चढ़ाने जाते हैं श्रम सेवा भूविस्थापित कामगार संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र पटेल ने बताया कि शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं के लिए भू विस्थापित ग्राम पाली पडनिया जटराज सोनपुरी खैर भावना कनबेरी रिस्दी गेवरा बस्ती चुरैल आमगांव बाता गेवरा दीपका मानिकपुर के सभी ठेका मजदूरों के सहयोग से कनकी में भोग प्रसाद का वितरण एवं पेयजल व्यवस्था किया जा रहा है।

### छुटे हुए हितग्राहियों के लिए कार्ड बनाने दल का हुआ गठन

**कोरबा।** नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजना आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले उन शेष बचे वरिष्ठ नागरिकों जो नगर पालिक निगम क्षेत्रान्तर्गत निवासरत हैं। कलेक्टर अजीत अजीत बसंत के निर्देशानुसार ऐसे नागरिक जिनका आयुष्मान वय वंदन योजना के अन्तर्गत वर्तमान में कार्ड नहीं बना है। उसके पंजीयन के लिये 28 जुलाई से 4 अगस्त तक नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत समस्त 67 वार्डो के लिये दल गठित किया गया है।

### तीन महीने में विभाग से मिलती है आबंटन राशि

# कर्जदार हुए स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले महिला स्व सहायता समूह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्राइमारी और पूर्व माध्यमिक स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले महिला समूहों को समय पर आबंटन राशि नहीं मिलने के कारण कर्जदार की स्थिति में पहुंच गए हैं। इस बीच राज्य शासन ने मध्यान्ह भोजन के लिए समूहों को मिलने वाली आबंटन राशि में दो दिन पूर्व बढ़ोत्तरी का आदेश जारी किया है। दर्ज संख्या के हिसाब से मिलने वाली आबंटन राशि में अब बढ़ोत्तरी हुई है।

ग्रामीण और शहरी अंचल के प्रायमरी और मिडिल स्कूल में महिला स्व सहायता समूहों को बच्चों के मध्यान्ह भोजन बनाने का काम सौंपा गया है। जिन्हें चावल खाद्य विभाग के द्वारा विभाग से मिले कूपन के आधार पर आपूर्ति की जाती है वहीं गैस की आपूर्ति भी खाद्य विभाग के माध्यम से की जाती है। इनके अलावा अन्य खाद्य सामग्री के लिए समूहों को राज्य शासन की ओर से नगद राशि दी जाती है। जो उनके खाते में भेजी जाती है।



मध्यान्ह भोजन बनाने वाली समूह का अवलोकन करते हुए।

#### कुकिंग कास्ट की राशि बढ़ाई गई

मध्यान्ह भोजन बनाने वाले महिला स्व सहायता समूहों के लिए नया आदेश के तहत कुकिंग कास्ट की राशि बढ़ाई गई है। नए दर से प्रति छात्र राशि दी जा रही है। पूर्व में देर से आबंटन मिलने के कारण समूह के सामने आर्थिक परेशानियों की जानकारी मिली थी। इस वर्ष प्रयास किया जा रहा है कि आबंटन सही समय पर किया जा सके। शासन से आबंटन राशि आती है जिसकी वजह से देर हो जाती है।

**- टीपी उपाध्याय,** डीईओ कोरबा

आबंटन राशि हमेशा दो से तीन महीने देर से मिलने के कारण समूह कर्जदार होने की स्थिति पहुंच चुके हैं। 30 अप्रैल को स्कूल बंद होने के बाद जब 16 जून से स्कूल शुरु हुए तब समूहों के सामने राशन दुकानों को दी जाने वाली खाद्य सामग्री की राशि के लिए दिक्कत उठानी पड़ी। 40 से 50 हजार रुपए तक की राशि प्रत्येक स्कूल के खाद्यान्न सामग्री के कर्ज के रुप में दर्ज है। समूहों के संचालकों ने बताया कि नियमित आबंटन राशि नहीं मिलने की वजह से खाद्यान्न सामग्री की खरीदारी में पंचायत से सहयोग लेना पड़ता है वह भी उन्हें नहीं मिलता है।

#### ऐसी बढ़ी राशि

मध्यान्ह भोजन के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों से राशि जारी होती है। पूर्व में यह राशि 4 रुपए और 8 रुपए के प्रति छात्र के रुप में दी जाती थी। 9 जुलाई को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत प्रायमरी स्कूल के लिए केंद्रांश के रुप में 4.7 रुपए, राज्यांश के रुप में 2.71 रुपए इसी तरह मिडिल स्कूल में केंद्रांश के रुप में 6.10 रुपए, राज्यांश के रुप में 4.07 रुपए प्रति छात्र के रुप में प्राप्त होगी। पूर्व में यह राशि प्राथमिक के लिए 4 रुपए और मिडिल के लिए 8 रुपए प्रति छात्र थी। नए आदेश के तहत मिडिल स्कूल में 10.17 रुपए प्रायमरी स्कूल में 6.78 रुपए के दर से मिलेगी।

#### बीते वर्ष से गैस सिलेंडर की दी गई सुविधा

शहरी और ग्रामीण अंचलों के सभी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने का काम लकड़ी से किया जाता था। उसे बदलते हुए खाद्य विभाग के द्वारा सभी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के लिए शिक्षा विभाग से स्कूलों की सूची लेकर गैस सिलेंडर की सुविधा दी गई है। इसमें शहरी क्षेत्र के स्कूलों सही समय पर सिलेंडर उपलब्ध हो जा रहा है। किंतु ग्रामीण अंचल के स्कूलों में गैस सिलेंडर की सुविधा समय पर नहीं होने के कारण अभी भी लकड़ी का ही उपयोग ईंधन के रुप में किया जा रहा है।

# करंट की चपेट में आने से चिकित्सक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक चिकित्सक अपनी पत्नी के साथ अपने घरे के छत में जाकर बारिश की पानी की साफ सफाई कर रहा था कि इसी दौरान घर के छत में रखे पास से गुजरे 11 केवी के तार के संपर्क में आ जाने से चिकित्सक पूरी तरह झुलस गया और उसकी जद में उसकी पत्नी में भी आ गई जिससे दंपत्ति पूरी तरह झुलस गए। जिन्हें आनन फानन में दंपत्ति को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत चिकित्सक को मृत घोषित कर दिया जबकि उसकी पत्नी की हालत गंभीर बताई जा रही है मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर चिकित्सक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- छत की सफाई करने के दौरान 11 केवी तार की चपेट में आया था दंपत्ति, पत्नी भी हुई गंभीर

मामला मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रवि शंकर शुक्ल नगर की है। यहां निवासरत डॉ. कलीम रिजवी छत पर साफ-सफाई कर रहे थे, तभी उन्होंने एक लोहे की रॉड उठाई जो दुर्भाग्यवश 11 केवी बिजली के तार के संपर्क में आ गई। करंट का झटका इतना भीषण था कि डॉ. कलीम ने मौके पर ही मौत हो गई तथा उनकी पत्नी फिरदौस रिजवी जो उस वक्त उनके पास ही थीं वो भी करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गईं। हादसे के तुरंत बाद डॉ. रिजवी और फिरदौस रिजवी को जिला अस्पताल ले जाया गया। हालांकि डॉक्टरों ने डॉ. रिजवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं फिरदौस रिजवी का इलाज डॉक्टरों की टीम द्वारा किया जा रहा है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस मामले में जिला अस्पताल चौकी पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस हादसे के कारणों की गहनता से जांच कर रही है।



मृतक

# खाली पैर परीक्षार्थियों को मिला केंद्र में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

व्यापम के द्वारा आबकारी आरक्षक परीक्षा रविवार को जिले के 27 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई। जहां परीक्षार्थियों को मेटल डिटेक्टर की जांच से गुजरना पड़ा। सभी केंद्रों में हर दो कमरे के बीच जैमर लगाए गए थे। परीक्षार्थियों को बिना जूते खाली पैर परीक्षा केंद्रों में प्रवेश करने दिया गया। व्यापम के द्वारा बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष बिलासपुर में हुए परीक्षा में गड़बड़ी के बाद कड़े निर्देश जारी किए गए। उसके बाद से यह पहली परीक्षा है जिसमें जैमर, मेटल डिटेक्टर की जांच से गुजरना पड़ा। आने वाली व्यापम की सभी परीक्षा अब इसी तर्ज पर ली जाएंगी।

**खास बात**

- सभी 27 परीक्षा केंद्रों में लगाए गए थे जैमर

आबकारी आरक्षक परीक्षा के लिए व्यापम के द्वारा लड़के लड़कियों के लिए अलग अलग गाइडलाइन जारी की गई थी। इसमें परीक्षा शुरु होने के आधा घंटा पहले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पहुंचना अनिवार्य किया गया था। व्यापम के निर्देश के तहत पुरुष परीक्षार्थियों को हाफ शर्ट वहीं महिला परीक्षार्थियों को भी हाफ बांह वाली शूट में आना अनिवार्य था। इसके अलावा कान की बाली प्रतिबंधित कर दिया था। इसके साथ पुरुष परीक्षार्थियों के बेल्ट भी प्रतिबंधित था। चप्पल पहन कर आने वाले परीक्षार्थियों को ही प्रवेश करने की अनुमति थी। वहीं जूते भी उतरवाए गए। पहली बार इस तरह की जांच से परीक्षार्थियों को गुजरना पड़ा है। हालांकि व्यापम के द्वारा आगामी सभी परीक्षाओं में इसी तरह की जांच व्यवस्था तय कर दी गई है। जिले में 27 केंद्रों के 8 हजार 745 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें 7 हजार 140 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं 1605 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षाओं की तैयारी को लेकर दो दिन पूर्व ही स्कूल प्रबंधन और परीक्षा ड्यूटी करने वाले शिक्षकों को व्यापम के कड़े निर्देश के संबंध में अवगत करा दिया गया था। सुबह 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई। इसके लिए परीक्षा ड्यूटी करने वाले शिक्षकों को सुबह 9.30 बजे तक परीक्षा केंद्रों में पहुंचने के निर्देश दिए गए थे। 27 परीक्षा केंद्रों में सर्वाधिक परीक्षार्थी सरस्वती स्कूल सीएसईबी और कोरबा आईटी कॉलेज तथा पीजी कॉलेज में दर्ज किए गए हैं। वहीं सबसे कम परीक्षार्थी कोरबा कम्प्युटर कॉलेज में दर्ज थे। यहां 180 पंजीकृत थे जिसमें 150 परीक्षार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए।



मेटल डिटेक्टर से जांच कराते परीक्षार्थी।

# अब डेढ़ साल की जगह 6 माह में होगा टीबी का इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में टीबी रोग के खिलाफ लड़ाई को नई दिशा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक अहम कदम उठाया है। अब मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मल्टी ड्रग्स रेजिस्टेंट टीबी के मरीजों को नई दवा के माध्यम से इलाज की सुविधा मिलेगी, जिससे रोगियों को सिर्फ 6 महीनों में इलाज पूरा हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि पहले एमडीआर टीबी का इलाज कराने में मरीजों को एक से डेढ़ साल तक का समय लगता था, जिससे न केवल मरीजों को शारीरिक परेशानी होती थी, बल्कि सामाजिक और आर्थिक रूप से भी उन्हें नुकसान उठाना पड़ता था। अब इस नई दवा की उपलब्धता के बाद जिले के मरीजों को इलाज के लिए बिलासपुर या रायपुर जैसे बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में यह सुविधा शुरू होने से स्थानीय स्तर पर ही बेहतर उपचार संभव हो सकेगा। पहले एमडीआर टीबी का इलाज 18 से 24 महीने तक चलता था, जिसमें कई दवाएं खानी पड़ती थीं और उनके दुष्प्रभाव भी काफी होते थे। नए कोर्स (बीपीएएलएम) में बेडाक्विलाइन, प्रीटोमैनिड, लाइनजोलिड और मोक्सीफ्लोक्सासिन का संयोजन है। इस नए कोर्स में सबसे बड़ी खासियत इसकी अवधि है। जहां पहले एमडीआर टीबी का इलाज डेढ़ से दो साल तक चलता था, वहीं नया कोर्स इसे घटाकर मात्र 6 महीने कर देता है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इलाज की कम अवधि और नई दवा के कारण मरीजों की जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा और उन्हें लंबे समय तक बीमारी से जूझना नहीं पड़ेगा।



#### टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य लेकर चल रहा काम

केंद्र सरकार ने वर्ष 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि इस नई दवा की शुरुआत से इस मिशन को तेजी से आगे बढ़ाया जा सकेगा। जिले में टीबी के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जांच और उपचार को लेकर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय कर दी है। विभाग गांव-गांव जाकर संभावित मरीजों की पहचान और समय पर इलाज सुनिश्चित कर रहा है।

### बारिश में बहा सड़क का हिस्सा, पीडब्ल्यूडी की चुप्पी से हादसे की आशंका

# कटघोरा-कोरबा मार्ग बना खतरे का सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदी नाले उफान पर हैं, तो वहीं कई गांवों का आपसी संपर्क टूट चुका है। ऐसी ही एक खतरनाक स्थिति सामने आई है कटघोरा-कोरबा मुख्य मार्ग पर, जहां शासकीय मुकुटधर पांडे महाविद्यालय कटघोरा के समीप सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह से बारिश में बह गया है।

बारिश के कारण सड़क के नीचे की मिट्टी इतनी हद तक धंस गई है कि सड़क की सतह अब पूरी तरह से खोखली हो चुकी है। सड़क के भीतर से बहता पानी रिसते हुए नीचे की ओर बह रहा है, जिससे अंदेशा जताया जा रहा है कि सड़क कभी भी जमीन में धंस सकती है। इस परिस्थिति में बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की अनदेखी को देखते हुए खुद मोर्चा संभाला है। उन्होंने चेतावनी स्वरूप सड़क के उस खतरनाक हिस्से पर रेत से भरी बोरियाँ रख दी हैं ताकि आने-जाने वाले वाहन चालक सतर्क हो जाएँ और हादसे से बचा जा सके। यह मार्ग कटघोरा और कोरबा के बीच सबसे अधिक व्यस्त रहने वाला मार्ग है। दिन-रात भारी और हल्के वाहनों की लगातार आवाजाही होती है। रात के समय, जब दृश्यता कम होती है, तब यह खतरा और भी अधिक गंभीर हो जाता है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस क्षतिग्रस्त सड़क से महज कुछ दूरी पर ही लोक निर्माण विभाग का कार्यालय स्थित है। बावजूद इसके विभाग की ओर से अब तक कोई मरम्मत कार्य या सुरक्षा इंतज़ाम नहीं किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, इस सड़क का हिस्सा करीब 20 से 25 दिन पहले ही क्षतिग्रस्त हो गया था, लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग की चुप्पी यह दर्शाती है कि वह किसी बड़े हादसे के इंतजार में है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है ताकि किसी अनहोनी से पहले इस मार्ग की मरम्मत की जा सके और जनसुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



हादसे से बचाव के लिए सड़क किनारे रखी गई बोरी।

# शिक्षक के साथ छात्रों ने की मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक निजी स्कूल के शिक्षक का रास्ता रोककर छात्रों ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। शिक्षक की रिपोर्ट पर सिविल लाइन पुलिस ने छात्र व उसके दोस्तों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामला दर्ज कर आगे कार्यवाही शुरु कर दी है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित एक निजी स्कूल के शिक्षक ने 22 जुलाई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह शुभम देवांगन होटल से खाना खाकर दोपहर लगभग 3:15 बजे घर जा रहा था इसी दौरान इस स्कूल में अध्यनरत छात्र पीछे से पहुंचे और उसके साथ गाली गलौज करते हुए छात्रों ने उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। शिक्षक ने इस मामले के लिखित शिकायत पुलिस से की है। जिस पर पुलिस ने मारपीट करने वाले छात्र सहित उसके दोस्तों के खिलाफ धारा 115 (2) व 296 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र की घटना

## खबर संक्षेप

### बारिश ने दी राहत, मौसम विभाग ने किया अलर्ट

**बिलासपुर।** बारिश को लेकर रविवार का दिन राहत भरा रहा, सुबह बारिश होने के बाद शाम तक बारिश बंद रही, इस दौरान गर्मी और उमस से भी थोड़ी राहत महसूस की गई हालांकि मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है, अगले 2 दिनों तक बारिश होने की आशंका बनी हुई है। मानसूनी हवाओं के कारण मध्यप्रदेश से झारखंड, पश्चिम बंगाल के तक औसत 09 से 5.8 किमी की ऊंचाई तक द्रोणिका का असर बना हुआ है। वहीं दूसरी निम्न दबाव का बीकानेर, कोटा, डाल्टनगंज, दीघा तक द्रोणिका बनी हुई है। यही कारण है कि प्रदेश में झमाझम बारिश हो रही है। रविवार को बारिश थमी रही, लेकिन जिले के आसपास कई जगहों पर हल्की बारिश होती रही, मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर कई स्थानों में गाज गिरने और भारी बारिश के आसार जाहिर किए हैं।

### दुर्ग-हटिया का परिचालन होगा 1 अक्टूबर तक

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा और उनकी मांग को देखते हुए दुर्ग से हटिया के बीच सप्ताह में दो दिन चलने वाली स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार करने का निर्णय लिया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार 08185/08186 हटिया से दुर्ग और दुर्ग से हटिया के बीच चल रही द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी गई थी। इस ट्रेन में लगातार यात्रियों की भीड़ चल रही थी। कई लोगो की ओर से दुर्ग से हटिया के बीच चल रही द्विसाप्ताहिक ट्रेन के परिचालन में विस्तार करने मांग की थी। इस मांग को देखते हुए चलने वाली हटिया-दुर्ग स्पेशल ट्रेन के परिचालन में 27 फेरों का विस्तार करते हुए एक अक्टूबर तक कर दिया गया है। 08185 हटिया-दुर्ग द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 30 सितम्बर तक और विपरीत दिशा में 08186 दुर्ग-हटिया द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन 1 अक्टूबर तक किया गया है।

### बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस में स्थायी स्लीपर कोच

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन से चलने वाली बिलासपुर से रींवा एक्सप्रेस में यात्रियों की सुविधा के लिए एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा स्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार यात्रियों को बेहतर सफर की सुविधा और अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसईसीआर बिलासपुर से चलने वाली 18247 / 18248 बिलासपुर-रींवा और रींवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा स्थायी रूप से देने का निर्णय लिया गया है। यह सुविधा बिलासपुर से रवाना होने वाली एक्सप्रेस में 30 जुलाई से 31 अक्टूबर तक और रींवा से वापस बिलासपुर आने वाली एक्सप्रेस में 31 जुलाई से 1 नवम्बर तक यात्रियों को मिलेगी।

### जमगा-कोतरलिया चौथी लाइन पर चलेगी ट्रेनें

**बिलासपुर।** जमगा से कोतरलिया रेलवे स्टेशन के बीच चौथी लाइन का काम कम्पलीट करने के उपरांत उसका निरीक्षण कर लिया गया है, जिसपर जल्द ही यात्री और मालगाड़ियों का परिचालन किया जाएगा। रेलवे के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर विकास व ट्रेनों के गतिशील परिचालन हेतु बिलासपुर मंडल में नई रेल लाइन, दोहरी लाइन, तीसरी और चौथी लाइन का कार्य व्यापक स्तर पर हो रहा है। इसके तहत बिलासपुर से झारसुगुड़ा स्टेशन के बीच 206 किलोमीटर विद्युतीकृत चौथी लाइन का निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। इस कार्य के अंतर्गत जमगा से कोतरलिया स्टेशन के बीच 8.402 किलोमीटर विद्युतीकृत नई चौथी लाइन के निर्माण उपरांत इंटरलाकिंग सहित संपूर्ण कार्य पूरा होने के बाद एसई सर्कल के आयुक्त रेलवे सेफ्टी बीके मिश्रा ने निरीक्षण कार्य पूरा कर लिया है। इस दौरान उन्होंने इंटरलाकिंग, क्रासिंग, पाइंट, ओएचई लाइन, ब्रिज, सिग्नलिंग उपकरण के साथ परिचालन एवं संरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं का गहन अध्ययन तथा निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया है।

**शहर में तीन महीने से फागिंग बंद** | **नियमों में बदलाव कर फागिंग और लार्वा कंट्रोल के लिए चौथी बार होगी निविदा**

# मच्छर भगाने पहुंची तीनों कंपनियां डिस्क्वालीफाई, अब तक तीन बार टेंडर निरस्त

**बिलासपुर।** शहर में पिछले 6 महीने महीने से फागिंग और लार्वा कंट्रोल का छिड़काव बंद और निगम इसके लिए टेंडर में उलझा है। लोग मच्छरों और गंदी नालियों से परेशान हैं तो निगम चहेते लोगों का काम देने पर अड़ा है। यही नहीं इसके लिए किया गया 95 लाख रुपए का टेंडर भी तीन बार निरस्त कर दिया गया है। अब चौथी बार टेंडर नए सिरे से जारी करने की बात कही जा रही है। निगम के मुताबिक तीसरी बार तीन कंपनियों ने इसके लिए टेंडर डाला था। तीनों के दस्तावेजों में कमी थी इसलिए सभी को डिस्क्वालीफाई कर दिया गया है।

गौरतलब है कि निगम ने फागिंग और लार्वा छिड़काव का जिम्मा निजी कंपनी को देने का फैसला लिया है। निगम ने इसके लिए टेंडर किया था जो कि 19 मई को ओपन किया गया। टेंडर में बिलासपुर की दो कंपनियों आरके



कंस्ट्रक्शन और सतीश सिंह ने निविदा डाली थी। निगम ने लेकिन इन टेंडरों को निरस्त करते हुए नए सिरे दूसरा टेंडर जारी किया है। इसे 17 जून को ओपन किया जाना था। इसमें तीन बिलासपुर की दो कंपनियों आरके कंस्ट्रक्शन और सतीश सिंह के अलावा रायपुर की शिवांगी इंटरप्राइजेज कंपनी ने टेंडर डाला था। निगम ने लेकिन तीनों निविदाओं को अपात्र पाते हुए निरस्त कर दिया है।

### नियमों में बदलाव कर जारी होगा नया टेंडर

ज्ञात हो कि लार्वा कंट्रोल के लिए हर साल ठेका होता है। इसके तहत हर महीने दो लाख 79 हजार रुपए खर्च नाले-नालियों में दवा का छिड़काव किया जाता है। इसी तरह मौजूदा स्थिति में निगम की 10 फागिंग मशीन का उपयोग किया जा रहा है। इसका एक दिन का खर्च 13 हजार 500 रुपए आता है। निगम का दावा है कि निजी कंपनियों को काम देने से निगम का खर्चा भी कम होगा और ठीक से मानिटरिंग भी हो सकेगी। फागिंग और लार्वा मिलाकर ठेका कंपनी 95 लाख रुपए लेगी। इससे डीजल चोरी नहीं होगी और लार्वा छिड़काव ठीक से हो सकेगा। दूसरी ओर ठेकेदारों का दावा है कि एक खास ठेका कंपनी को यह काम देने के लिए निगम बार-बार नियमों में बदलाव कर रहा है। निगम ने तीसरी बार जो टेंडर जारी किया उसमें कई शर्तें ऐसी रहीं कि बिलासपुर की अधिकांश कंपनियां बाहर हो गईं हैं। अब कहा जा रहा है कि नियमों में बदलाव करते हुए चौथी बार नए सिरे से टेंडर जारी होगा।

### फागिंग मशीन देखे महीनों हो गए

फिलहाल निगम का फागिंग अमला नेताओं और अधिकारियों के घरों तक सीमित है। मोहल्लों में तो फागिंग मशीन देखे महीनों हो गए। दूसरी ओर मच्छर पर नियंत्रण के लिए लाखों रुपए के डीजल-पेट्रोल खर्च कर फॉगिंग कराने का दावा किया जा रहा है। यह कागजों में जरूर है। इन मशीनों में दवाइयां नहीं डाली जा रही हैं। शहर में ऐसा कोई घर नहीं, जिनके बजट में मच्छररोधी उपाय की खरीदी शामिल न हो।

### सफाई नहीं होने से मच्छरों की फौज बढ़ रही

ध्यान रहे कि राज्य शासन ने केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर सड़कों की सफाई और धुलाई का ठेका दिल्ली की लॉयन सर्विसेज को दे रखा है। इसके साथ ही नाले-नालियों की सफाई दूसरे ठेके पर की जा रही है। निगम के स्वास्थ्य महकमे ने 25 लाख रुपए में 5 ठेकेदारों के 220 श्रमिकों नाले-नालियों की सफाई का जिम्मा तो दे दिया, लेकिन सफाई हो नहीं रही है। नाले-नालियां भरी पड़ी हैं, जिसके चलते मच्छरों की संख्या बढ़ती जा रही है। दरअसल सफाई नहीं होने की वजह से नाले-नालियां में मच्छर अंडे दे रहे हैं, जिससे मच्छरों की फौज बढ़ती जा रही है।

### फिर किया जाएगा टेंडर

फागिंग और लार्वा कंट्रोल के लिए निजी कंपनी को काम दिया जाएगा। इसके लिए टेंडर किया गया है। प्रेजेंटेशन के बाद पात्रता भी जांची जाएगी। इसके बाद वर्क आर्डर दिया जाएगा। पहले के मुकाबले इस पर खर्चा भी कम आएगा। तीसरी बार जारी टेंडर में तीन कंपनियों ने निविदा डाली थी। दस्तावेजों में कमी के कारण टेंडर निरस्त कर दिया गया है। नियमों में बदलाव कर इसे नए सिरे से जारी किया जाएगा।

- प्रवेश कश्यप, स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम

**बारिश के डेढ़ महीने अभी शेष : बीते दिनों हुई भारी बारिश से तीनों में वेस्टवियर चालू**

# खारंग-घोंघा-भैंसाझार .. जिले के तीनों बड़े बांध लबालब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कैचमेंट एरिया में लगातार बारिश होने के प्रभाव से जिले के तीनों बड़े बांध लबालब हो चुके हैं। खारंग जलाशय खूंटाघाट एवं घोंघा जलाशय में वेस्टवियर प्रारंभ है। इसी तरह अरपा-भैंसाझार बैराज के गेट खोलकर अतिरिक्त पानी बाहर किया जा रहा है। बांधों में वेस्टवियर देखने मौके पर पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिससे प्रशासन द्वारा लोगों को पानी से दूरी बनाने की समझाइश दी जा रही है।

पानी की भरपूर उपलब्धता के मामले में बिलासपुर जिला इस साल बहुत ही अच्छी स्थिति में है। खारंग जलाशय खूंटाघाट व घोंघा जलाशय सहित अरपा-भैंसाझार बैराज लबालब हो चुके हैं। हालत यह है कि जलभराव अधिक हो जाने के कारण तीनों ही बांधों से पानी छोड़ा जाने लगा है। अच्छी बात यह भी है कि तीनों बड़े बांधों में वेस्टवियर की स्थिति करीब डेढ़ महीने पहले ही आ गई। बारिश का मौसम अब भी करीब डेढ़ महीने शेष है। ऐसी हालत में तीनों ही बांधों के कैचमेंट एरिया में आगे अब बारिश हुई तो सारा पानी वेस्टवियर के जरिए बहता ही रहेगा। इस साल गर्मी के अंतिम समय एवं बारिश के ठीक पहले तीनों ही बांधों में जलभराव ही की स्थिति 27 प्रतिशत, 33 प्रतिशत व 34 प्रतिशत रही है। इसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि तीनों बांधों में पर्याप्त जलभराव समय से पहले ही हो गया।



खारंग जलाशय खूंटाघाट में वेस्टवियर प्रारंभ, पर्यटकों के लिए बना आकर्षण का केंद्र।

### अक्टूबर में बंद होगा भैंसाझार का गेट

अरपा-भैंसाझार के कैचमेंट एरिया में तेज बारिश होने के कारण बैराज में करीब बीस दिनों पहले ही 60 प्रतिशत जलभराव हो चुका था। बैराज को नुकसान से बचाने की दृष्टि से विभाग द्वारा उसी दौरान गेट खोलकर अरपा में पानी छोड़ना प्रारंभ कर दिया गया था। इसके बाद जलभराव का स्तर 50 प्रतिशत आते ही गेट बंद कर दिए गए थे। वर्तमान में बैराज का जलभराव फिर से 60 प्रतिशत हो चुका है, जिससे गेट खोल दिए गए हैं। विभाग के अनुसार कैचमेंट एरिया में बारिश की स्थिति को ध्यान में रखते हुए बैराज में 50 प्रतिशत जलभराव के स्तर को मेंटेन रखने के लिए समय-समय पर लगातार गेट खोला जाता है। बारिश का मौसम समाप्त होने के बाद अक्टूबर महीने में बैराज के गेट स्थायी रूप से बंद किए जाएंगे।

### चल रहा है वेस्टवियर

अरपा-भैंसाझार बैराज के गेट तो खुले ही हैं, और आगे भी लगभग खुलते ही रहेंगे। स्थायी रूप से अक्टूबर माह में बैराज गेट बंद किए जाएंगे। घोंघा जलाशय में पानी लबालब भर चुका है, जिससे बीते तीन दिनों से वेस्टवियर प्रारंभ है।

**-डी.जायसवाल,**
ईई जलसंसाधन
संभाग कोटा

## कोरी डेम में पुलिस की चौकसी, रतनपुर खूंटाघाट में सन्नाटा

कोरी डेम व खूंटाघाट डेम में वेस्ट वीयर शुरू होने से पर्यटकों की संख्या बढ़ गई है। बड़ी संख्या में लोग फोटो खिंचाने के लिए डेम पहुंच रहे हैं। सुरक्षा की दृष्टि से कोरीडेम में पुलिस बल लगाया गया है, किन्तु खूंटाघाट में पुलिस की चौकसी नहीं की गई है, जिससे पर्यटक बेखौफ वेस्ट वीयर में जाकर फोटो खिंचा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों लगातार तेज बारिश होने से कोटा कोरीडेम व खूंटाघाट में पानी का भराव होने से वेस्ट वियर शुरू हो गया है। शासकीय अवकाश शनिवारी, रविवार को दोनों डेम में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और युवक युवतियों फोटो खिंचाने के लिए वेस्ट वियर में जा रहे हैं और युवक नहाने का लुफ्त उठा रहे हैं। लगातार नदी नालों में लोगों के बहने की खबर को गंभीरता से लेते हुए कोटा थाने की पेट्रोलिंग



पार्टी समय समय पर कोरी डेम में जाकर एनाउंसमेंट कर लोगों को वेस्ट वियर के पास जाने से मना कर रहे हैं। वेस्ट वियर के पास जाने वाले युवाओं को लाठी भांजकर भगाया जा रहा है। खूंटाघाट डेम में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं और वेस्ट वीयर के करीब जाकर फोटो व वीडियो बना रहे हैं, किन्तु खूंटाघाट में पुलिस की चौकसी नहीं की गई है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

### पूर्व में हेलीकाप्टर से किया गया था रेस्क्यू

पूर्व में खूंटाघाट वेस्ट वीयर से अचानक पानी का बहाव तेज होने पर एक ग्रामीण बीच में फंस गया था। वह एक पेड़ के डंगाल को पकड़कर रात फंसा हुआ था। दूसरे दिन सेना की हेलीकाप्टर से रेस्क्यू कर ग्रामीण को बाहर निकाला गया था।

### पुलिस बल लगाया गया

अवकाश के दिन कोरी डेम में पर्यटक की संख्या बहुत अधिक होने पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात किया गया है। एनाउंसमेंट कर लोगों को सचेत किया जा रहा है।

**-तोप सिंह नवरंग**, कोटा टीआई


**अलग-अलग घटना**

### 3 नाबालिगों से अनाचार तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग अलग घटनाओं में तीन नाबालिगों से अनाचार करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, एक नाबालिग ने रिपोर्ट लिखाई 15 जुलाई 2021 को वह घर में अकेली थी। इसी दौरान डिघोरा मुरू हिर्री निवासी राजू उर्फ राजा यादव पिता राम कुमार यादव 22 साल आया और उनके साथ जोर जबरदस्ती कर अनाचार किया। उसके बाद शादी करने का आश्वासन दिया। उसके बाद शारीरिक शोषण करता रहा। नाबालिग ने दबाव बनाया तो अपने घर ले गया और झूठा शादी का प्रपंच कर 3 माह साथ में रखने के बाद नाबालिग को उसके घर छोड़कर चला गया और फोन बंद कर दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर राजू उर्फ राजा यादव को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरी घटना में चकरभाठा पुलिस के अनुसार, नाबालिग लड़की ने स्कूल की शिक्षिका को अपने साथ हो रहे अनाचार की जानकारी दी। शिक्षिका ने घटना की रिपोर्ट थाने में लिखाई। पुलिस ने आरोपी छतौना आवासपारा निवासी घनश्याम यादव पिता अर्जुन यादव 32 साल को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का पीड़िता के घर आना जाना था। तीसरी घटना में सरकण्डा खेत्र की एक नाबालिग लड़की को 3 मई 2025 को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगाकर ले गया था। पुलिस रिपोर्ट पर पतासाजी में लगी हुई थी। पुलिस ने कवर्धा निवासी अजय कुमार ठाकुर पिता जोगन ठाकुर 26 साल को पकड़कर नाबालिग को बरामद कर लिया है। पीड़िता से पूछताछ करने के बाद धारा 33, 366, 376, 2, 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ की कार्रवाई

## 1 लाख 60 हजार की गांजा तस्करी करते पकड़े गए आरोपी

**बिलासपुर।** आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने पेट्रोलिंग और मुखबिर की सूचना पर सारनाथ एक्सप्रेस के जनरल कोच में छापामार कार्रवाई करते हुए 1 लाख 60 हजार रुपए के गांजा तस्करी करते दो आरोपी को पकड़ा है।

जीआरपी के अनुसार रेलवे स्टेशन उसलापुर में पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि दुर्ग से छपरा की जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस में दो व्यक्ति गांजा की तस्करी कर रहे हैं। सूचना पर आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने रात में ट्रेन के उसलापुर स्टेशन पहुंचते ही जनरल कोच में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान दो संदिग्ध युवकों को देखकर पूछताछ और उनके पास रखे बैग की जांच की गई। दोनों के पास रखे बैग मे कपड़े के साथ गांजा भी रखा हुआ था। इसमें प्रयागराज निवासी विकास मिश्रा पिता तीरथ मिश्रा 28 साल और पश्चिम



सरिरा जिला कौसांबी उत्तरप्रदेश निवासी सौरभ सेन पिता राजेन्द्र कुमार सेन 23 साल के पास से 4-4 किलो सहित 8 किलो कीमत 1 लाख 60 हजार रुपए जब्त किया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि वे गांजा ओडिशा के काटाभांजी से लेकर रायपुर पहुंचे थे और रायपुर से सारनाथ में बैठकर प्रयागराज गांजा छोड़ने के लिए जा रहे हैं। जीआरपी ने दोनों आरोपियों से गांजा जब्त करने के बाद धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

### टीटीई का बैग पार करने वाला आरोपी पकड़ा गया

इसी तरह आरपीएफ ने यात्रियों के सामानों के साथ ट्रेन में ड्यूटी करने वाले टीटीई का बैग पार करने वाले आरोपी को पकड़कर जीआरपी के सुपुर्द किया है। जानकारी के अनुसार आरपीएफ की संयुक्त टीम ने जांच के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को देखकर पूछताछ की। पूछताछ में उसने नागपुर मानिकापुर निवासी संजय गोविंदराज ढोने 56 साल बताया। उसके पास एक बैग रखा था, जिसमें धारीवाल लिखा था। चेक करने पर एक टैब, ब्लूटूथ चार्जर, टीटी का डीसी बुक मिला। संपर्क करने पर जानकारी मिली कि वह बैग नागपुर के टीटीई मनीष कुमार है, जो 24 जुलाई को ट्रेन में ड्यूटी कर रहा था। ड्यूटी के दौरान उसका बैग चोरी होने पर जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई गई थी। आरपीएफ ने आरोपी को पूछताछ करने के बाद जीआरपी के सुपुर्द कर दिया है। जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ धारा 305 (2) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर लिया है। आरोपी के खिलाफ 9 से अधिक चोरी के मामले पहले से ही दर्ज हैं।

## गांजा तस्करी करने वाली महिला सहित तीन आरोपियों को 5 साल कैद, 50 हजार जुर्माना

**बिलासपुर।** कोर्ट ने गांजा तस्करी करते पकड़ी गई महिला सहित तीन तस्करों को 5 साल कैद व 50 हजार रुपए जुर्माना पटाने का आदेश दिया है।

31 दिसंबर 2023 को सकरी पुलिस को सूचना मिली, सैदा निवासी सुलक्षणा पाण्डेय अपने डस्टर कार क्रमांक सीजी 10 जेड, 4100 में ओडिशा से गांजा लेकर अपने घर आने वाली है। एसआई हेमंत आदित्य ने बल के साथ सैदा के गतवा तालाब के पास घेराबंदी कर डस्टर को रोक लिया। तलाशी लेने पर 12 किलो गांजा मिला।



पुलिस ने कार सवार सुलक्षणा पाण्डेय पति सत्य प्रकाश पाण्डेय 40 साल सैदा, इदरीश मोहम्मद पिता दिलदार मोहम्मद घुटकू महामायापारा, मोनू उर्फ विनोद चौधरी पिता सुन्दर चौधरी बघघर्रा लालपुर गौरेला निवासी को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद तीनों आरोपियों को 5 - 5 साल कैद व 50 - 50 हजार रुपए जुर्माना पटाने का आदेश दिया है। शासन की ओर से संजय नामदेव ने पैरवी की है।

## फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनाने दिया ठेका, समिति ने कहा मामला गड़बड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राज्य सरकार ने बोरकर मजूमदार जैसी दो कंपनियों को बिलासा एयरपोर्ट की इकोनामिकल फीजिबिलिटी रिपोर्ट बनाने का ठेका दिया है। दोनो ही कंपनियां कार्यालय खोलने के अलावा कोई काम नहीं कर सकी है।

दूसरी ओर मुख्य सचिव ने हाईकोर्ट में शपथ पत्र देकर तीन सप्ताह में अंतिम रिपोर्ट देने का दावा कर दिया है। संघर्ष समिति ने आशंका जताई है कि फर्जी रिपोर्ट के सहारे 4 एयरपोर्ट नहीं बनाने की साजिश की जा रही है। गौरतलब है कि बिलासपुर में 4सी एयरपोर्ट बनाने के लिए टेक्निकल फीजिबिलिटी रिपोर्ट पहले ही एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा बनाई गई है।



- मुख्य सचिव ने हाईकोर्ट में कहा है 3 सप्ताह मिलेगी रिपोर्ट

रिपोर्ट के अनुसार चकरभाठा स्थित एयरपोर्ट पूरी तरह से उपयुक्त है। इकोनामिक फीजिबिलिटी के बारे में राज्य सरकार निर्णय ले सकती है व एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से संपर्क कर सकती है। इसके उलट राज्य सरकार ने रिपोर्ट तैयार करने बोरकर और मजूमदार कंपनी को ठेका दिया है। कंपनियां चार्टर्ड अकाउंटेंट कंपनी है। महज 1 लाख रूपए के ठेके पर कंपनियां बिलासपुर में अपना कार्यालय खोलकर गायब हो चुकी है, कंपनी ने यहां के लोगों से रायशुमारी तक नहीं की है। बताया जा रहा है पहले एक माह के अंदर कंपनी रिपोर्ट देने वाली थी, लेकिन 3 माह बीत चुके हैं। अब 3 सप्ताह में रिपोर्ट देने का दावा किया गया है। समिति ने सवाल उठाया है कि जबलपुर एयरपोर्ट को 4सी में बदलने की लागत 412 करोड़ रुपए आई है, ऐसे में चार्टर्ड अकाउंटेंट कंपनी को बिलासा एयरपोर्ट के इकोनामिक फीजिबिलिटी रिपोर्ट बनवाने का फैसला गड़बड़ प्रतीत हो रहा है। एयरपोर्ट को लेकर आम जनता के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के महाधरने में रवि बनर्जी, अनिल गुलहरे, संतोष पीपलवा, आशुतोष शर्मा, प्रमोद नायक, चंद्र प्रकाश जायसवाल,अखिल अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

## गांव-गांव में हो रहा नशीली दवाओं का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

क्षेत्र में नशीली दवाओं का अवैध कारोबार गांव-गांव तक फैल गया है। गांव-गांव में नशीली दवाएं किराना दुकानों एवं पान ठेलों में धड़ल्ले से बिक रही है तथा बड़ी संख्या में किशोर एवं युवा नशीली दवाओं का उपयोग कर अपना भविष्य खराब कर रहे हैं। नशे के लगातार बढ़ रहे कारोबार एवं नशेड़ी युवाओं की बढ़ती संख्या लोगों के चिंता का कारण बन गया है।

नशीली दवाओं के प्रति क्षेत्र के किशोरों एवं युवाओं की रूचि लगातार बढ़ रही है। गांव-गांव में आसानी से नशीली दवाएं उपलब्ध होने के कारण कम उम्र के किशोर एवं युवा तेजी से इसके आदी बन रहे है। प्रारंभ में तो इसकी जानकारी किसी को नहीं मिल पाती लेकिन नशे का अभ्यस्त होने के बाद युवा अपनी पढ़ाई छोड़कर इधर-उधर भटकते देखे जाते है। बात-बात में लड़ाई-झगड़े करने के लिए हमेंशा तैयार रहने वाले युवा नशे की जरूरतें पूरी करने के लिए न केवल विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं बल्कि असामाजिक एवं अवैध गतिविधियों में शामिल होने से भी परहेज नहीं कर रहे है हाल के वर्षों में क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों में लगातार वृद्धि हो रही है जिसके कारण युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को माना जा रहा है। जब परिवार के सदस्यों को युवाओं के नशेड़ी बनने की जानकारी मिलती है तब तक काफी देर हो चुकी होती है तथा परिजन बेबस नजर आते है। अब तो कम उम्र के किशोर भी नशीली दवाओं का उपयोग कर रहे हैं जो लोगों के चिंता का विषय बन गया है। नशीली दवाओं के कारोबार में अच्छी कमाई होने के कारण गांवों में किराना दुकान व पान ठेला चलाने वाले व्यवसाई भी धड़ल्ले से नशा का कारोबार कर रहे है।

## खबर संक्षेप

### देवंतिका सीयूईटी पीजी परीक्षा में की टॉप, जेएनयू में मिला प्रवेश



**कोरबा।** वार्ड नंबर 17 ढोंढीपारा की होनहार छात्रा देवन्तिका साहू ने शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा मुकाम हासिल की है। उन्होंने सीयूईटी पीजी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 62 और छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। देवंतिका जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के प्रतिष्ठित सीएसआरडी में उच्च शिक्षा प्राप्त करेंगी। देवन्तिका की स्कूली शिक्षा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा से हुई, और स्नातक उन्होंने मिनिमाता गर्ल्स कॉलेज से पूर्ण किया। देवंतिका का कहना है कि सफलता के इस सफर में ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरह के शिक्षकों का अतुलनीय सहयोग मिला। उन्होंने लायब्रेरी में बैठकर, ऑनलाइन स्त्रोतों से अध्ययन कर कठिन मेहनत की। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी उनकी विशेष उपलब्धियाँ रही हैं। वे बैडमिंटन जैसे खेलों में कई प्रतियोगिताएं जीत चुकी हैं, जिससे उनकी बहुमुखी प्रतिभा सामने आती है।

### कारगिल दिवस पर मायुमं दर्री ने किया भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान



**कोरबा।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच दर्री जमनीपाली द्वारा भूतपूर्व सैनिक सेवा संघ कोरबा के सभी सम्माननीय सदस्यों का आत्मीय सम्मान किया गया।अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय संयोजक मनीष अग्रवाल (निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच) ने कहा कि – "यह हमारा सौभाग्य है कि हमें उन वीर जवानों का अभिनंदन करने का अवसर मिला, जिन्होंने अपने जीवन का अमूल्य समय देश की सेवा और रक्षा में अर्पित किया। इस कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में शहीद हुए सभी सैनिकों की वीरता को याद करते हुए मंच परिवार द्वारा सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई। देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों के प्रति उपस्थित सभी जनों ने नमन करते हुए मौन श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, प्रांतीय सह-संयोजक अरुण केडिया, दर्री जमनीपाली शाखा के पूर्व अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल एवं वर्तमान अध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में कई गणमान्य नागरिकों ने देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति देकर वातावरण को राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। सभी कलाकारों को मंच द्वारा शाल देकर सम्मानित किया गया। भूतपूर्व सैनिक सेवा संघ द्वारा भी मंच के अतिथि सदस्यों का प्रतीक चिह्न देकर अभिनंदन किया गया।मंच का सफल संचालन संदीप शर्मा ने किया।

### कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न लिए गए अहम निर्णय



**कोरबा।** कांग्रेस बांकीमोंगरा प्रभारी श्रीमती सपना चौहान ने बांकीमोंगरा ब्लॉक के कांग्रेसजनों के साथ बैठक लिया। बैठक में बांकीमोंगरा क्षेत्र के सभी 30 वार्डों को 3 मंडल कांग्रेस कमेटी में विभाजन करने तथा मंडल कमेटी, जोन कमेटी, वार्ड कमेटी एवं बूथ कमेटी के पुनः गठन के विशेष को लेकर विचार विमर्श किया तथा उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों से सुझाव लिया गया। कांग्रेस पदाधिकारियों ने बांकीमोंगरा के 30 वार्डों को तीन मंडल कमेटी में विभाजन करने के लिए सुझाव दिया जिसमें वार्ड क्र. 1 से 10 तक, वार्ड क्र. 11 से 20 तक, वार्ड क्र. 21 से 30 तक को कुल तीन मंडल कमेटी बनाने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्तावित किया गया। इन तीनों मंडल के लिए भी चर्चा एवं सुझाव लिए गए। जिसे जिला कांग्रेस कमेटी के पास अनुमोदन के लिए प्रेषित कर दिया गया है। बैठक के विषय पर ब्लॉक प्रभारी श्रीमती सपना चौहान ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों का नये सिरे से गठन होगा। इसके अलावा 1200 से अधिक मंडल अध्यक्षों के साथ कमेटी बनाने के निर्णय को लेकर मैंने आज अपने प्रभार क्षेत्र बांकीमांगरा में बैठक लेकर तीन मंडल कमेटी बनाना तय किया है। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष नत्थुलाल यादव, मनोज चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम मनहर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, सुनील कुमार पाण्डेय, मोहन लदेर, अशोक मिश्रा, मधुसुदन दास, राकेश अग्रवाल, संतोषी चौहान, यशपाल सिंह कंवर, धनंजय दिवान आदि उपस्थित थे।

## महिला साहू समाज बालको ने हर्षोल्लास से मनाया सावन उत्सव

# पद तो आते- जाते रहेंगे लेकिन स्नेह एवं अपनत्व बना रहना चाहिए : संजूदेवी



कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महिला साहू समाज बालको द्वारा इंदिरा मार्केट स्थित साहू सदन बालकों नगर में सहपरिवार सावन उत्सव का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम कोरबा की महापौर महोदया श्रीमती संजू देवी राजपूत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि संजू देवी राजपूत द्वारा साहू समाज की आराध्या, कुलदेवी, भक्त माता कर्मा की आरती व तैल चित्र में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महापौर महोदया ने महिला साहू समाज द्वारा सावन उत्सव आयोजन की प्रशंसा करते हुए अपने संबोधन में कहा कि पद तो आते-जाते रहेंगे लेकिन अपनों के मध्य अपनत्व एवं स्नेह हमेशा बरकरार रहना चाहिए चाहे कोई कितने भी ऊंचे पद में क्यों ना पहुंच जाये , एक सामान्य स्त्री के रुप में जीवन के अनुभवों को भी साझा किया। महिला साहू समाज के लगभग सभी सदस्यों ने इस मनभावन कार्यक्रम मे बड़े ही उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं खुशियों के पल बटोरे । रैम्पवाक में उपस्थित सभी नारी शक्तियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा व कला का परिचय दिया। इस पल को खास बनाने के लिए मनोरंजन के दृष्टिकोण से विभिन्न प्रकार के खेलो का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया , सावन क्वीन का खिताब उमा गोरेलाल साहू , उपविजेता गुंजा चंद्रकांत साहू एवं अंजू भुवन साहू व विजयी खेल प्रतिभागी प्रियंका साहू, पायल साहू, खोमेश्वरी साहू, अंजू साहू, वंदना साहू को महापौर संजू देवी राजपूत ने उपहार देकर सम्मानित किया तथा सावन क्वीन को ताज पहनाकर हौसला बढ़ाया। उपस्थित सदस्यों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा व जमकर थिरके एवं गीतों के माध्यम से अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी। सभी सदस्यों ने प्रत्येक विधा में बढ़-चढ़कर भाग लिया और आनंद के पलो को स्वर्णिम स्मृति के रुप में संजोया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से महिला मोर्चा मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अर्चना रुनेझा, मंडल उपाध्यक्ष रेणुप्रसाद , हिमानी साहू (अध्यक्षा), पूजा साहू (सचिव), कविता साहू (कोषाध्यक्ष), छाया साहू, गुंजा साहू, रश्मि साहू, पलक साहू, मनीषा साहू, कीर्ति बाला साहू, उषा साहू, ज्योति साहू, अर्चना साहू, दीनू साहू, संगीता साहू, अनीता साहू, सरस्वती साहू, नीता साहू, रानी साहू, नीशिकला साहू, साक्षी साहू, इंदु उपासना साहू, जान्हवी साहू, गरिमा साहू, कविता साहू, रुती साहू, भूमिका साहू, संगीता साहू, तरुणलता साहू, रुक्मणी साहू, कविता साहू, नागेश्वरी साहू, संध्या साहू, आकांक्षा साहू, प्रिया साहू, गिरिश साहू, अंजू साहू, इंदू साहू, रानी साहू, बबली साहू, रामहिन साहू, मधु मनीषा साहू एवं भारी संख्या में बच्चे भी उपस्थित रहे।

### संकल्प महिला मंडल ने मनाया हरियाली तीज उत्सव, काजल चुनी गईं हिरयाली क्वीन

**कोरबा।** एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के आवासीय कॉलोनी स्थित रविंद्र सांस्कृतिक भवन में संकल्प महिला मंडल सीनियर क्लब द्वारा हरियाली तीज उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की प्रथम महिला श्रीमती प्रभा कटियार रहीं। तीज उत्सव में हरियाली क्वीन काजल पहवा चुनी गईं। जबकि श्रीतमा पाल द्वितीय स्थान व सुनीता तिवारी को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम का सफल आयोजन संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष रूबी श्रीवास्तव मार्गदर्शन में महिला मंडल के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण महिला मंडल की सचिव संगीता कोरम ने दिया। सांस्कृतिक सचिव स्वाति जैन एवं दीक्षा गुप्ता की समिति द्वारा दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे की थीम पर नृत्य नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की प्रथम महिला श्रीमती प्रभा कटियार ने अपने उद्बोधन में हरियाली तीज उत्सव की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने अपने हाथों से संकल्प महिला मंडल के नवीन प्रतीक चिह्न का अनावरण किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन वित्त सचिव हर्षिता श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संकल्प महिला मंडल की उपाध्यक्ष प्रियंका पाटले, अभिलाषा गुप्ता, मिनती स्वेन, मनीषा पांडे, कविता पंड्या और अनुराधा राव, सह-सचिव माधुरी जायसवाल व मंजूषा बरडिया, क्रीड़ा-सचिव दिव्या देवांगन व कविता पटेल का विशेष योगदान रहा।



## भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया सावन उत्सव



झूले का आनंद लेती महापौर एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सावन महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में लोक संस्कृति और परंपरा के संगम की सुंदर झलक देखने को मिली। भाजपा जिला कार्यालय लोक संस्कृति, गीत और सामूहिक नृत्य से घंटों तक गुंजायमान रहा। सावन की हरियाली और उत्साह के बीच भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने शुक्रवार को टीपी नगर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में सावन महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया।

पारंपरिक लोकगीतों और सामूहिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को आनंद और उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में हुआ। सुवा नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति प्रमिला सागर, उर्वशी राठौर और उनके दल द्वारा दी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। वहीं छत्तीसगढ़ी रीमिक्स गीतों पर धनकुमारी गर्ग, शीतला विश्वकर्मा, स्मिता सिंह, सावित्री सहित महिला मोर्चा की सदस्याओं ने सामूहिक नृत्य कर दर्शकों का दिल जीत लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष वैशाली रत्नपारखी, नगर निगम कोरबा की महापौर संजू देवी राजपूत, महिला मंडल की अध्यक्ष, मंत्री, पार्षद सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। भाजपा महिला मोर्चा के इस सावन महोत्सव में लोक संस्कृति और परंपरा का सुंदर संगम देखने को मिला। पूरे भाजपा जिला कार्यालय का परिसर घंटों तक गीत, नृत्य और उत्सव के उल्लास से सराबोर रहा। कार्यक्रम में उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की धर्मपत्नी रामकुमारी देवांगन, ज्योति नरेंद्र देवांगन और दीपश्री रजनीश देवांगन विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इसके अलावा संजू देवी राजपूत की बड़ी बहू दीपिका सिंह और छोटी बहू स्वाति सिंह की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## पाली अग्रवाल समाज की महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव

**कोरबा।** पाली क्षेत्र में निवासरत अग्रवाल समाज की महिलाओं के द्वारा सावन उत्सव मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने झूले का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान किरण अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, संजना अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, रोशनी अग्रवाल, रचना जैन, अदिती जैन, रुकमणी अग्रवाल उपस्थित थीं।



## डॉ.मनीषा चुनी गई सावन क्वीन



सावन क्वीन मनीषा एवं अन्य महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंदिरा विहार विकास समिति महिला मण्डल टीपी नगर ने सावन उत्सव का आयोजन किया। कोरबा की प्रसिद्ध पंचकर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डाक्टर मनीषा सिंह को सावन क्वीन का खिताब दिया गया। डॉ. मनीषा सिंह राजिस्थानी वेशभूषा के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में सबसे ज्यादा अंक लाकर सावन क्वीन का खिताब अपने नाम किया। पूरे देश में महिलाएं सावन का झूला झूलने के लिए सावन उत्सव का आयोजन करते हैं और सामुहिक नृत्य एवं अन्य मनोरंजन के माध्यम से कुछ पल सामूहिक जीवन का आनंद लेते हैं। डॉ. मनीषा सिंह ने बताया कि वैसे तो महिलाएं हर रंग में रंग जाती हैं। महिलाओं का व्यक्तित्व ही सामाजिक होता है और जहां भी जाती हैं, एडजेस्ट हो जाती हैं। जब महिलाएं आपस में मिलती हैं, तो मस्ती भी खुलकर होती है और जीवन का कुछ पल तनावमुक्त होकर खुलकर जीने में जो आनंद आता है, वह यादगर पल महीनों-वर्षों तक ताजा रहता है। महिलाओं का सावन उत्सव भी जीवन का एक ऐसा पल होता है, जिसकी यादें महीनों तक तरोताजा रहती हैं और जीवन में ऊर्जा भी देता है। हमने झूले का आनंद उठाया, नृत्य संगीत के माध्यम से मनोरंजन किया और मस्ती भी की। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से खुशियों के पल को लूटा। स्वादिष्ट व्यंजन का लूफ्त उठाया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महिला मण्डल की अध्यक्ष कुमुद राठौर, सचिव मुक्ता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लता अग्रवाल सहित पूर्व अध्यक्ष पूजा पटेल, मंजू गोयल, सीमा अग्रवाल, रश्मि श्रीवास, डॉ.मनीषा सिंह, सविता सलूजा सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थीं।

## कृष्णा विहार जमनीपाली में हर्षिता चुनी गई सावन सुंदरी



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जमनीपाली स्थित बालको की कॉलोनी कृष्णा विहार की महिलाओं ने सावन तीज महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया। पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने गीत-संगीत और नृत्य कार्यक्रमों के साथ ही फैंसी ड्रेस स्पर्धा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निशा, संगीता, ज्योति, शालिनी, पल्लवी, बबीता, एकता, श्वेता, हर्षिता, नीलम, कोमल, मयूरी, रीना, प्रीति, रश्मि, साक्षी, स्पर्धा, चांदनी एवं अन्य महिलाओं ने अपनी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर आयोजित सावन सुंदरी स्पर्धा में विजेता का ताज हर्षिता को पहनाया गया।

## कोसाबाड़ी मंडल में मन की बात का 124वां संस्करण का लोगों ने किया श्रवण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोसाबाड़ी मंडल अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 के खरमोरा बूथ क्रमांक 233 तथा वार्ड क्रमांक 34 दादर खुर्द में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 124वां संस्करण सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने इस संबोधन में स्वच्छता आंदोलन, अंतरिक्ष यात्रा में भारतीय सफलता तथा मत्स्य पालन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायक कहानियों का उल्लेख करते हुए देशवासियों को नई ऊर्जा और संकल्प के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि मन की बात देश की जनता को जोड़ने और सकारात्मक सोच को मजबूत करने का सबसे प्रभावी माध्यम बन गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए ग्रामीणों को इनके लाभ के प्रति जागरूक किया। इस सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीकांत जोशी, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष डॉ.राजेश राठौर, जिला सह-मीडिया प्रभारी पवन सिन्हा, पार्षद प्रताप सिंह कंवर, उपाध्यक्ष श्रीधर द्विवेदी, श्रीमती सरस्वती पटेल, गोपाल लाल राठिया, श्याम सुंदर देवांगन, अर्जुन गुप्ता, भरत सोनी, हेमंत चंद्रा, लकी कुमार साहू, परमेश्वर निषाद, गजेंद्र मांडवी, नितेश कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।



पीएम मोदी की मन की बात का श्रवण करते हुए।

### बालको नगर भाजपा मंडल में सुनी गई पीएम की मन की बात

**कोरबा।** बालको नगर मंडल के बूथ क्रमांक 101 में संयोजक लाल बहादुर चौहान के घर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी कार्यकर्ताओं एवं बस्तीवासियों ने नगर निगम महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं एमआईसी सदस्य नगर निगम पूर्व नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल के साथ देखा। इस दौरन भाजपा के वरिष्ठ नेता सुमित तिवारी, पूर्व पार्षद लोकेश चौहान, मंडल अध्यक्ष डीलेंद्र यादव, महामंत्री जय राठौर, महामंत्री संपत यादव, लखन चंद्रा, मंडल उपाध्यक्ष मनोज भारिया, मंडल उपाध्यक्ष दिलीप प्रजापति, मंडल उपाध्यक्ष संजय साहू, मंडल उपाध्यक्ष रेणु प्रसाद, मंडल मंत्री महेश्वरी गोस्वामी, मीना डहरिया, भुनेश्वरी लखन चंद्रा, राजा शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश सोनी, महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना रुणीजा, पार्षद मंगल बंदे, के.के. राजू, राजकुमार अज्ञेय, लाल बहादुर चौहान, सुबोध पांडेय, नारायण, निखिल, देवेंद्र पाठक, घनश्याम पटेल, रामकुमार राठौर, रवि रंजन, विनय यादव, हेमलता निर्मलकर नारायणी दुबे अनीता वैष्णव उमा देवी, ज्योति कौशिक, किशोर कुमार दुबे, पूर्णिमा बर्मन, गौरी चौहान, बृहस्पति चौहान, विरस चौहान, जावा देवी चौहान, सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## महाराजा अग्रसेन का पाठ्यक्रम लागू करने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में छग राज्य शिक्षा बोर्ड में महाराजा अग्रसेन के जीवन परिचय को शामिल करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। महाराजा अग्रसेन द्वारा स्थापित उनके आदर्श और सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग, जलपोत, डाक टिकट जारी कर सबसे बड़े हवाई अड्डे का नाम महाराजा अग्रसेन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का नामकरण किया जाना उनके राष्ट्रीय योगदान के महत्व और उनके प्रति सम्मान को प्रदर्शित करता है। सम्मेलन के प्रदेशमंत्री डॉ गिरधारी लाल अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान प्रासंगिकता और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत के रूप में अग्रसेन जी के जीवन परिचय को देश के विभिन्न राज्यों जैसे, हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश आदि ने अपने पाठ्यक्रम में शामिल कर लिया है। इसी क्रम में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय और प्रांतीय इकाई ने मुख्यमंत्री को ससम्मान ज्ञापन देकर छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षा बोर्ड में शामिल करने का आग्रह किया है और उन्होंने आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने के लिए सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपालशरण गर्ग, महामंत्री गोपाल गोयल, उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष कृष्णकुमार अग्रवाल, महामंत्री मुरलीधर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अशोक गोयल, मंत्री द्वय डॉ गिरधारी अग्रवाल एवम हर्षवर्धन अग्रवाल, रमन अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल सहित अनेक अग्रबंधु उपस्थित रहे।

### मुकुंदपुर में मनाया जाएगा नागपंचमी महोत्सव, तैयारियां शुरु



**उमरेली।** करतला विकासखंड अंतर्गत आने वाला ग्राम पंचायत मुकुंदपुर जो सोहागपुर के पास स्थित है जहां नागपंचमी महोत्सव के दिन भव्य मेले का आयोजन होता है जिसकी तैयारियो में मुकुंदपुर के ग्रामीण जन लगे हुए हैं। नागपंचमी महोत्सव में मुख्य अतिथि फूलसिंह राठिया रामपुर विधायक, श्रीमती अशोका विश्राम कंवर अध्यक्ष जंप करतला एवं मनोज झा उपाध्याय जंप करतला सहित क्षेत्र के गणमान्य जनप्रतिनिधि नाग पंचमी महोत्सव में शिरकत करेंगे। नाग पंचमी के मेले पर दूर दराज से लोग ग्राम मुकुंदपुर मैं स्थित पहाड़ी क्षेत्र पर एक भव्य मेले का आयोजन होता है जहां आसपास के गांव वालों के द्वारा अखंड रामायण का आयोजन किया जाता है जिस स्थान पर सुबह लेकर रात्रि तक पूरे 24 घंटे अखंड नवधा रामायण का भी पाठ किया जाता है। ग्राम के सीमा पर स्थित पहाड़ जिसकी चोटी पर एक गुफा में सिध्दबाबा की मूर्ति स्थापित है जिसकी पूजा अर्चना और दर्शन के लिए क्षेत्र के ग्रामीण जन भारी संख्या में उपस्थित होकर नाग पंचमी की इस अवसर पर बाबा का दर्शन कर अपने आप को सौभाग्य शाली मानते हैं।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज



नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

27 korba-pg4_Layout 1 7/27/2025 11:52 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा की प्रबंध समिति की बैठक

**कोरबा।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी की प्रबंध समिति की बैठक का अयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभा कक्ष में किया गया। बैठक में रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों द्वारा रेडक्रास सोसायटी के आय-व्यय पर चर्चा किया साथ ही रेडक्रास दवाई दुकान का मासिक अंशदान, दुकान का अनुबंध, दवाईयों पर डिस्काउंट, प्रतिवर्ष अंशदान में वृद्धि, दवा दुकान के खुलने के समय, बैंक गारंटी तथा विभाग से एनओसी लेने, बिजली बिल संचालक को भुगतान करने संबंधी विषय पर चर्चा किया गया। इस बैठक में समिती के सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदाय के लिए सर्वसम्मति से प्रारूप मान्य किया गया। अंत में रेडक्रास सोसायटी के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, रक्तदान शिविर, रेडक्रास भवन निर्माण, समस्त रेडक्रास सोसायटी के सदस्यों का सम्मेलन बुलाने, सभी स्कूल, कॉलेज के सदस्यों को मिटिंग में बुलाये जाने तथा जनवरी से अब तक का प्राप्त राशि का 30 प्रतिशत राज्य शाखा को भेजने का निर्णय लिया गया।

### केंदई आश्रम में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



**कोरबा।** बारिश के मौसम में संक्रामक बीमारियों के फैलाव को देखते हुए केंदई आश्रम में आयुर्वेद विभाग के द्वारा लगातार आसपास कैंप लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को स्वामी भजनानदं केंदई आश्रम में स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें 200 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें मोसमी बिमारी खांसी, त्वचा रोग, ज्वर सहित अन्य बीमारी से बचाव एवं खान पान के बारे में बताया गया। चिकित्सक डॉ रमापति तिवारी एवं नेत्र सहायक जीयस पैकरा, विनदावन शर्मा उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा पंडाल का किया गया भूमिपूजन



**कोरबा।** एमपी नगर के दुर्गा पूजा पंडाल का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवरात्रि के पूर्व दुर्गा पूजा पंडाल के आसपास के क्षेत्र को व्यवस्थित करने की तैयारी समिति के द्वारा शुरु की गई है। इस वर्ष भी समिति के द्वारा भव्य और आकर्षक दुर्गा पूजा की तैयारियां की जा रही है। इसी कड़ी में नए पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। जिसका भूमिपूजन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर संयोजक आकाश शर्मा, अध्यक्ष सुरेश पाहूजा, कार्यकारी अध्यक्ष राकेश मिश्रा, सचिव सुशील यादव आदि सदस्य उपस्थित थे।

### मानव सेवा मिशन ने पहाड़ी कोरवा परिवारों को किया छतरी वितरण



**बालको।** समाज सेवी संस्था मानव सेवा मिशन ने देवपहरी रोड पर निवासरत राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पहाड़ी कोरवा परिवारों को बारिश के दिनों में आसानी से दैनिक गतिविधियों को कर पाने के लिए छतरी का वितरण किया। मानव सेवा मिशन के द्वारा विगत कई वर्षों से पहाड़ी कोरवा परिवारों के जनजीवन में सुधार लाने के लिए अनेक गतिविधियां चलाई जा रही है। इसी तारतम्य में लगातार जरूरत के सामग्रियों का वितरण मानव सेवा मिशन के द्वारा किया जाता है। इस सेवा कार्य के लिए मानव सेवा मिशन की अहम सदस्या डॉक्टर स्मिता प्रसाद ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया। मानव सेवा मिशन के सेवा कार्यों में केशव चन्द्रा, अमर पटेल, दिनेश पृथ्वीकर, सत्यम सोनी, लिलेश्वर शर्मा, राजेश धीवर, अशोक पटेल, संजय विजयवर्गीय, योगेश पटेल, कमलेश बोहरपी, मनोज सिंह,क्रांति सोनी, शैलेन्द्र जायसवाल, पीतम लाल का योगदान रहा।

### रोटी बैंक कर रहा कम संसाधन में भरपूर सेवा

# शहर का अनोखा रोटी बैंक, जहां रोजाना हो रहा 6 सौ रोटियों का कलेक्शन



गरीबों को भोजन वितरण करते रोटी बैंक के सदस्य।



घरों से रोटी कलेक्शन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में 6-7 सालों से एक रोटी बैंक चलाया जा रहा है, कुछ युवा और गृहणियां मिलकर इस बैंक को चला रही हैं। जरूरतमंदों को रोटी देने के लिए इसे वर्ष 2018 में शुरू किया गया था, जो अब बड़े स्तर तक पहुंच गया है। दिन भर में इस बैंक में 600 रोटियां कलेक्ट हो जाती हैं।

रोटी बैंक के प्रभारी शिवा चौहान ने बताया कि काफी समय पहले एक महिला को देखा था, जिसने 8 दिन से खाना नहीं खाया था। हमारी नजर उस महिला पर पड़ी और हमने उसे भोजन कराया। इस दौरान विचार आया कि ऐसे कितने ही लोग होंगे, जिन्हें दो वक्त खाना भी हासिल नहीं हो पता। तभी से हमने ऐसे लोगों को ढूंढ कर उन्हें खाना खिलाने का फैसला किया। छत्तीसगढ़ हेल्प वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक राणा मुख़र्जी इस संस्था के अध्यक्ष हैं। इस संस्था का अलग से कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है। सिर्फ एक व्हाट्सएप्प ग्रुप है, ये बैंक उसी ग्रुप में मैसेजेस के माध्यम से चलता है, जिसका नाम रोटी बैंक सेवा है। इसमें कोरबा की कुछ महिलाएं जो गृहिणी हैं वो जुड़ी हैं। इसके अलावा कुछ युवा जैसे मिहिर, सूर्या चौहान, हेमंत निषाद, गोलू नारायण और विशेष यादव इसमें शामिल हैं। इस ग्रुप में सिर्फ मैसेज डाल दिया जाता है और फिर कुछ देर बाद घर-घर पहुंचकर रोटी कलेक्ट की जाती है। नेक नीयत से सेवा करने की सोची जाए तो कोई ना कोई तरकीब मिल ही जाती है। रोटी बैंक के युवाओं को अपनी ओर आता देख जरूरतमंद लोग अपने घर से बर्तन लाकर उनका इंतजार करते हैं। यह सभी उन्हें आशीर्वाद देते हैं। कम से कम उनके लिए दो वक्त के भोजन का इंतजाम करने वाले ये युवा उनके लिए किसी देवदूत की तरह ही हैं।



सदस्य को भोजन देती बच्ची।

#### सब कुछ पहले होता है तय

ग्रुप में अब महिला समिति की कई सदस्य और शहर के काफी सारे लोग जुड़े हुए हैं। ऐसे में किस दिन कौन रोटी देगा ये तो तय रहता ही हैं साथ ही अलग-अलग दिन के हिसाब से रोटियों को दान करने का इलाका भी तय किया जाता है। ग्रुप के कुछ युवा मैसेज कर देते हैं, इसके बाद लोग अपने घरों में रोटी पकाकर तैयार रखते हैं। पहले ताजा रोटी कलेक्ट कर रोटी बैंक तैयार किया जाता है। जिसे लेकर युवा बाइक से अलग-अलग दिशाओं में जरूरतमंदों की भूख मिटाते हैं।

#### रोटी-अचार से शुरू अब सब्जी भी

युवा बताते हैं कि हमारा यह सफर पहले तो अचार और रोटी से शुरू हुआ था, लेकिन अब हम रोटी के साथ सब्जी भी परोसते हैं। एक दिन में दोनों टाइम को मिलाकर लगभग 600 रोटी का बैंक तैयार करते हैं। दोपहर में 12 से 2 और शाम को 6 से 7 यह दो ऐसा समय होता है, जब युवा अपनी टर्न ने अनुसार रोटी बैंक का काम करते हैं। सर्वमंगला मंदिर, शनि मंदिर से लेकर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, झोपड़ी वाले इलाके, रेलवे स्टेशन पर सबसे ज्यादा फोकस रहता है।

## सड़क पर गिरा पेड़ बाल-बाल बचे राहगीर



सड़क के बीचोंबीच गिरा पेड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-पश्चिम में एसईसीएल गेवरा कॉलोनी के आवासीय परिसर में डीएवी स्कूल जाने वाले मार्ग पर गीता मेडिकल स्टोर के पास एक पुराना पेड़ अचानक गिर गया, उक्त मार्ग पर हर समय लोगों की आवाजाही रहती है, परंतु किसी के चपेट में नहीं आने से एक बड़ा हादसा टल गया। मामले में गीता मेडिकल के संचालक विजय पालीवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि पेड़ काफी पुराना था और उसके गिरने से आसपास के लोग सकते में आ गए। सुखद पहलू रहा कि वृक्ष की चपेट में मार्ग से गुजर रहे लोग नहीं आए। कॉलोनी परिसर में ऐसे कई पुराने और कमजोर पेड़ है, इसे चिन्हित कर हटाने की जरूरत महसूस की जा रही हैं।

### लापता युवक का नहीं मिला कोई सुराग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुढ़ाली से लापता 22 वर्षीय युवक का अब तक नहीं मिला सुराग। गौरतलब है कि रामपुर निवासी आकाश शर्मा 22 वर्ष पिता स्वर्गीय नंदलाल शर्मा, मुढ़ाली में मुर्गी पोल्ट्री फॉर्म का संचालन रामपुर निवासी सोनू शर्मा के द्वारा किया जाता है। जिसमें अपने ही रिश्तेदार मुकबधिर व मानसिक रूप से कमजोर युवक आकाश शर्मा को पोल्ट्री फॉर्म में देख रेख के लिए रखा था जो 19 जुलाई को किसी को बिना सूचना दिए कहीं चला गया। जब इस बात की जानकारी पोल्ट्री फार्म संचालक सोनू शर्मा को हुई तो वह आकाश की मां किरण शर्मा को दिया। अपने स्तर पर खोजबीन किया गया नहीं मिलने की स्थिति में किरण शर्मा ने हरदीबाजार थाना पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।



## मंडल कांग्रेस कमेटी के गठन के लिए प्रभारियों की नियुक्तिः मनोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मनोज चौहान

जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ग्रामीण के अध्यक्ष मनोज चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला प्रभारी डॉ.प्रेमसाय टेकाम के नेतृत्व में जिला कोरबा ग्रामीण में मंडल कांग्रेस कमेटी का गठन किया जाना है। जिसके लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी से ब्लॉक प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। पाली ब्लॉक में गोविंद सिंह नेताम, पोड़ी उपरोड़ा में अमरनाथ कैवर्त्य, पसान में अमर सिंह कंवर, कटघोरा (शहर) में श्यामलाल कंवर (पूर्व विधायक), कटघोरा (ग्रामीण) में अशोक मिश्रा, हरदीबाजार में धरम निर्मले, बांकीमोंगरा में सपना चौहान, करतला में लाल अशोक कुमार सिंह, कोरबा(ग्रामीण) में रामनारायण कश्यप, बरपाली में तनवीर अहमद बनाए गए हैं। श्री चौहान ने कहा कि कुछ ब्लॉकों में क्षेत्रफल बड़ा होने के कारण जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सह प्रभारी बनाये गये जिसमें पाली में सत्यनारायण पैकरा, दिलेश्वर आदिले, पसान में दिलीप कोर्राम, जगतपाल आयाम एवं जुनेद खान, पोड़ी उपरोड़ा में राकेश कंवर, भावेश बनाफर, भोला गोस्वामी, कटघोरा (ग्रामीण) में अशोक देवांगन, शोभना देवांगन, लक्ष्मण सिंह, करतला में श्रवण राठिया, शैलेन्द्र राय, बरपाली में सुनीता कंवर, संतोष देवांगन तथा कोरबा (ग्रामीण) में थान सिंह कंवर, बंधन सिंह, आवेश खान, गणेश राठिया, रामसिंह राठिया नियुक्त किये गये हैं। संगठन सृजन का कार्य जोरशोर से चल रहा है, समय सीमा में निर्धारित लक्ष्य पूरा किये जाने के लिए प्रयासरत है।

**खास बात**

- जिला प्रभारी टेकाम के नेतृत्व में होगा कमेटी का गठन

## एसईसीएल में शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल द्वारा अपने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य हितधारकों की शिकायतों के प्रभावी एवं सुनियोजित समाधान हेतु मिशन संबंध के अंतर्गत शिकायत निवारण प्रकोष्ठों का गठन किया गया है। यह पहल कंपनी के प्रत्येक उपक्षेत्र, क्षेत्रीय इकाई एवं मुख्यालय स्तर पर लागू की गई है, ताकि शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया पारदर्शी, समयबद्ध और उत्तरदायी बन सके।

निदेशक (मानव संसाधन) एसईसीएल बिरंची दास ने इस दौरान कहा कि शिकायत निवारण प्रकोष्ठ केवल एक व्यवस्था नहीं, बल्कि कर्मचारियों और हितधारकों के प्रति हमारी जवाबदेही और विश्वास का प्रतीक है। एसईसीएल मानव संसाधन एवं सतर्कता विभाग के संयुक्त प्रयासों से की गई इस पहल का मुख्य उद्देश्य उपक्षेत्रीय, क्षेत्रीय एवं मुख्यालय स्तर पर विभिन्न प्रकार की शिकायतों और समस्याओं को क्रमबद्ध तरीके से सुनना और उनका समाधान सुनिश्चित करना है। शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत शिकायतों को निर्धारित प्रारूप में दर्ज किया जाएगा, जिसकी पावती उन्हें प्रदान की जाएगी। प्रत्येक शिकायत को उसकी प्रकृति के अनुसार संबंधित विभाग को प्रेषित कर समाधान हेतु यथासमय जानकारी प्राप्त की जाएगी। समाधान की स्थिति शिकायतकर्ता को अवगत कराई जाएगी। उपक्षेत्रीय स्तर पर अनिराकृत शिकायतों को क्षेत्रीय स्तर पर विचारार्थ भेजा जाएगा।

क्षेत्रीय स्तर पर भी यदि शिकायत का समाधान नहीं हो पाता है, तो उसे मुख्यालय स्थित महाप्रबंधक (पीआरबी सेल) जीआरसी को अग्रेषित किया जाएगा। क्षेत्रीय एवं मुख्यालय स्तर पर प्राप्त शिकायतों का निराकरण त्रैमासिक बैठक के माध्यम से किया जाएगा। क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित हर माह की बैठक के उपरांत रिपोर्ट महाप्रबंधक (पीआरबी सेल) जीआरसी, बिलासपुर को प्रेषित की जाएगी। त्रैमासिक रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण निदेशक (मानव संसाधन) के समक्ष किया जाएगा। इस व्यवस्था के प्रचार-प्रसार हेतु उपयुक्त स्थानों पर बैनर, नोटिस आदि लगाए जाएंगे, जिससे सभी हितधारक अवगत रह सकें। भविष्य में इस प्रक्रिया को ऑनलाइन या मोबाइल ऐप के माध्यम से क्रियान्वित करने की दिशा में भी प्रयास जारी हैं। 26 जुलाई को एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में गठित शिकायत निवारण प्रकोष्ठों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्राप्त शिकायतों की सुनवाई एवं समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए गए। मिशन संबंध के तहत यह पहल एसईसीएल के संगठनात्मक उत्तरदायित्व एवं हितधारकों के प्रति प्रतिबद्धता को सशक्त बनाती है तथा पारदर्शिता, संवेदनशीलता और समाधान की दिशा में एक सशक्त कदम है। प्रत्येक संचालन क्षेत्र में गठित प्रकोष्ठ में महाप्रबंधक (संचालन), स्टाफ ऑफिसर (मानव संसाधन), क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक, स्टाफ ऑफिसर, स्टाफ ऑफिसर (भू-राजस्व), स्टाफ ऑफिसर (सिविल) एवं स्टाफ ऑफिसर (सामग्री प्रबंधन) जैसे वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित हैं। इसी तरह मुख्यालय बिलासपुर में गठित समिति में महाप्रबंधक (पीआरबी सेल) जीआरसी, महाप्रबंधक (वित्त) विभागाध्यक्ष, महाप्रबंधक (विद्युत यांत्रिकी), महाप्रबंधक (भू-राजस्व), महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन), महाप्रबंधक (मानव संसाधन औद्योगिक संबंध कर्मचारी स्थापना), महाप्रबंधक (कल्याण) एवं उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन प्रशासन) सम्मिलित रहेंगे।

**खास बात**

- हितधारकों की शिकायतों के समयबद्ध पारदर्शी और प्रभावी समाधान की दिशा में एसईसीएल की नई पहल




बैठक में उपस्थित अधिकारी कर्मचारी।

## अखबार वितरक संघ ने पूर्व राष्ट्रपति को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ द्वारा टीपी नगर में पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की 10वीं पूण्यतिथि पर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के पदाधिकारी सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा ने डॉक्टर साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमारे अखबार वितरक के अभिभावक डॉ कलाम बचपन में अखबार वितरण किया करते थे उनके घर के सामने बरगद पेड़ चबूतरा पर शाम को बैठक कर गांव वालों को पेपर वितरण का उद्देश्य बताया करते थे। इस दौरान संरक्षक पदम सिंह चंदेल, सचिव जयसिंह नेताम, रामायण सिंह, कृष्णा निर्मलकर, दिलीप यादव, राय सिंह, तपेश्वर राठौर, अनिल गिरी, मुरीत राम कश्यप उपस्थित रहे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### प्रशांति वृद्धाश्रम में कवि सम्मेलन का आयोजन

# बीमारी, लाचारी व सम्मान की कमी से वृद्ध व्यक्ति टूट जाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुजुर्गों की सेवा के 20 साल के उपलक्ष्य में प्रशांति वृद्धाश्रम में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से आश्रम के वरिष्ठ नागरिकों के चेहरों पर खुशियां बिखेरी।

नवदृष्टि समाजसेवी संस्था द्वारा संचालित प्रशांति वृद्धाश्रम में पं. मुकुटधर पाण्डेय साहित्य समिति ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए कवि सम्मेलन का आयोजन किया। इस अवसर पर पं. मुकुटधर पाण्डेय साहित्य समिति के संरक्षक मोहम्मद युनुस दनियालपुरी ने कहा कि बीमारी, लाचारी और परिवार के अंदर सम्मान की कमी से बूढ़ा व्यक्ति टूट जाता है। समिति के सचिव एवं प्रसिद्ध कवि डा. कृष्ण कुमार चन्द्रा ने बेहद रोचक तरीके से कवि सम्मेलन का संचालन शुरू किया। डा. कृष्ण कुमार चन्द्रा ने छत्तीसगढ़ी रचना सुनाते हुए कहा, भुइंया के भगवान बरोबर दाई- ददा ला जानव, दाई- ददा हर आशीष देथे कचरा नो है जी। उन्होंने हास्य व्यंग्य भरी बातों से बुजुर्गों और उपस्थित लोगों का खासा मनोरंजन किया। बलराम राठौर की हास्य रचना ने लोगों को गुदगुदाया। अनुसुईया श्रीवास ने कहा, मुस्कुरा कर जीने में मचा आएगा, गम का गहरा समंदर भी सूख जाएगा। पं. मुकुटधर पाण्डेय साहित्य समिति के अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल ने कहा कि कागज की नाव बनाकर पानी में छोड़ देते हैं, फिर पत्थर मारकर पानी में डूबो देते हैं। किरण सोनी ने अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा, वैसे कोई नहीं है किसी का यहां, बस ये दिल है तो दुनिया का अहसास है। नवदृष्टि समाजसेवी संस्था द्वारा प्रशांति वृद्धाश्रम के संचालन को 20 साल पूरे हो गए हैं। संस्था द्वारा सरकारी, गैर सरकारी अनुदान प्राप्त किए बगैर जनसहयोग से वृद्धाश्रम का संचालन किया जा रहा है।



कवि सम्मेलन के दौरान उपस्थित अतिथि एवं वृद्धजन।

